हरिभूमि
# भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, बुधवार, 15 मई 2024

11 मोक्षगिरी ने शुरू की 51 दिवसीय धुणी तपस्या


12 दिल्ली वर्ल्ड स्कूल का परिणाम शत प्रतिशत...


# DELHI WORLD PUBLIC SCHOOL, BHIWANI

(Under the aegis of Delhi World Foundation, New Delhi)
CBSE Affiliation No. 530718, Devsar Morh, Loharu Road, Bhiwani - 127021
Ph. No. 8685800161, 9350310248
email: dwps_bhiwani@hotmail.com

Scan the QR code for Prospectus

## Topper in Bhiwani District Class X

Total Students Appeared = 77 | Pass Percentage + 100% | 90% and Above= 33 Students | Distinction= 57 Students | First Division= 76 Students



**ADAMYA PRATAP SINGH**
99%
(Subject Topper in Social Sc., Mathematics, Sanskrit, English, Science & Hindi)

## Concession and Rewards for students in class XIth for new and old admissions

1. 96%& above full fee concession including all charges and funds + Memento and certificate
2. 94% and above 75% tuition fee concession + memento and certificate
3. 92% and above 50% tuition fee concession + memento and certificate

Social Science= 100Marks(1 Student) | Sanskrit= 100 Marks (1 Student) | Mathematics= 99 Marks (05 Students) | Science= 99 Marks (02 Students)

## Bhiwani City Topper in Commerce Class XII

Total Students Appeared = 66 | 90% and Above= 18 Students | Distinction= 57 Students | First Division= 60 Students (13 Students out of 25 got 90% and Above in Commerce)



**SANYAM**
97.4%
(Commerce)

## Toppers in Commerce Class XII

## Toppers in Medical / Non Medical / Humanities Class XII

Total Students Appeared = 66 | 90% and Above= 18 Students | Distinction= 57 Students | First Division= 60 Students
(13 Students out of 25 got 90% and Above in Commerce)



**DHRUV**
96.6%
(Commerce)



**MUSKAN PRASHAR**
96.2%
(Commerce)



**ARPIT**
96%
(Medical)



**SHAKIN**
93.8%
(Non-Medical)



**HOMI**
93.2%
(Humanities)

Painting- 100 Marks (13 Students) | Accountancy- 99 Marks (02 Students) | Biology- 99 Marks (01 Student) | Music-99 Marks (01 Student)

## Meet Our Class X Toppers




ADMISSIONS OPEN

ADMISSIONS OPEN

## Meet Our Class XII Toppers



## खबर संक्षेप



भिवानी। नवप्रकाशित पुस्तक सुणो छोरियों को कुलपति प्रोफेसर दीप्ति धर्माणी को भेंट करते डॉ. वीएम बैचेन।

### सामाजिक चेतना में साहित्य की अहम भूमिकाः धर्माणी

**भिवानी।** साहित्य ने सदैव समाज को मार्गदर्शित किया है। समाज में जब जब कोई बुराई फैलने का प्रयास करती है तो साहित्यकार अपने साहित्य लेखन के माध्यम से आमजन में उस बुराई से निपटने के लिए जोश एवं उमंग का संचार करता है। उक्त विचार चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर दीप्ति धर्माणी ने व्यक्त किए। कुलपति प्रोफेसर दीप्ति धर्माणी ने डॉ. वीएम बेचैन द्वारा हरियाणवी कविताओं की नवप्रकाशित पुस्तक सुणो छोरियो का अवलोकन किया। डॉ. बेचैन द्वारा कुलपति प्रोफेसर दीप्ति को भेंट की पुस्तक पर विचार प्रकट करते हुए वीसी ने कहा कि हरियाणवी रचनाएं हमें सोचने समझने को मजबूर करतीं हैं।

### मार्किट में पार्क के पास शौचालय बनवाने की मांग

**बवानीखेड़ा।** सामाजिक संगठन जन सहयोग मंच से जुड़े समाजसेवी एवं युवा मनीष शंकर ने मार्केट में शहीद गुलाब सिंह पार्क के पास सुचारू रूप से शौचालय बनवाने की मांग उठाई। उन्होंने बताया कि शौचालय ओड धर्मशाला के मुख्य द्वार के पास है जहां पर रेहड़ियां व सब्जीवालों ने दुकानें लगाई हुई है जिससे आमजन जाते हुए असहज महसूस करता है। इसलिए नगर पालिका को पार्क के पास शौचालय बनवाने के अलावा बेसहारा पशुओं से परेशान दुकानदारों की इस परेशानी का हल करना चाहिए।

### होर्डिंग के फोटो देखकर दो गुटों में तू-तड़ाक

**बवानीखेड़ा।** हिसार लोकसभा से कांग्रेस जयप्रकाश उर्फ जेपी की नुक्कड़ सभा के दौरान होर्डिंग पर पूर्व सीपीएस रामकिशन फौजी के फोटो देख कर वरिष्ठ कांग्रेसी नेता सतवीर रतेरा समर्थक भड़क गए। दोनों नेताओं के समर्थक एक.दूसरे की हूटिंग करने लगे तो कांग्रेस प्रत्याशी जयप्रकाश गुस्सा उठे और मंच पर यह तक बोल दिया कि मैं करवाऊंगा तुम्हारी जिंदाबाद। वाक्या सोमवार देर शाम गांव बलियाली का है। बताते है कि गांव मिताथल व चांग में भी पूर्व सीपीएस रामकिशन फौजी के होर्डिंग लगे हुए थे। उनमें वरिष्ठ कांग्रेसी नेता सतबीर रतेरा के फोटो नहीं थे।

### डंपर ने बाइक को कुचला कूदकर बचाई जान

**बवानीखड़ा।** बवानी खेडा के खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी कार्यालय के सामने एक डंफर ने वाहन को मोडते समय मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी जिससे मोटरसाइकिल क्षतिग्रस्त हो गया वहीं वाहन चालक ने कूदकर अपनी जान बचाई। बताया जाता है कि मामला मंगलवार सुबह साढ़े सात बजे का है और भिवानी की तरफ से तोशाम रोड़ पर डंफर मोडते समय यह हादसा हुआ और मोटरसाइकिल सवार सुरक्षित बचने में कामयाब हो गया।

### तंबाकू को लेकर चलाया जागरूकता अभियान

**बवानीखेड़ा।** गांव लोहारी जाटू के राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में नशे की रोकथाम को लेकर कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें प्राचार्या पुष्पा जोशी के नेतृत्व में विद्यालय सटाफ ने मिलकर बच्चों को नशे के प्रति जागरूक किया और अपने परिजनोंए आसपास के लोगों व समाज को जागरूक करने के लिए उन्हें मोटिवेट किया। तत्पश्चात विद्यार्थियों द्वारा सटाफ संग मिलकर विद्यालय के धाकड़ क्लब के नेतृत्व में जागरूकता रैली निकाली जो गांव के विभिन्न मार्गों से होते हुए निर्धारित स्थान पर पहुंची। छात्राओं ने बताया कि वे अपने गांव में इसको लेकर सभी को जागरूक करेंगी।

## पीटीआई विनोद ने सिलेबस कंठस्थ करवाने का नया फार्मूला ढूंढा

# प्रतियोगिता में गूंजे फिजिकल एजुकेशन सब्जेक्ट के सवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

कुछ गिने- चुने ही शारीरिक शिक्षक होते है। जो अपनी जिम्मेदारी के साथ शैक्षणिक गतिविधियों में भी अहम जिम्मेदारी निभाते है। ऐसा ही कुछ वीर शहीद कैप्टेन ओपी दलाल राजकीय उच्च विद्यालय में तैनात शारीरिक शिक्षक विनोद पिंकू ने कर दिखाया। उक्त शारीरिक शिक्षक ने फिजिकल एजुकेशन विषय का गिने चुने दिनों में छठी से लेकर दसवीं कक्षा तक के बच्चों को आधा सिलेबस करवा दिया। हैरानी की बात यह है कि इन सभी कक्षाओं के बच्चों की उक्त विषय के आधे सिलेबस की क्वीज प्रतियोगिता रखवाई और सभी विद्यार्थियों को कंठस्थ करवा दिया। शारीरिक शिक्षक द्वारा अपनाए गए उक्त फार्मूले का शिक्षा जगत से जुड़ा हर कोई व्यक्ति कायल है।

इसी क्रम में मंगलवार को स्कूल में स्व. रतनी देवी जाटू लोहारी की स्मृति में उक्त विषय की क्वीज प्रतियोगिता आयोजित करवाकर बच्चों की तैयारी मापी। बाद में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को शिक्षक ने अपनी तरफ से पुरस्कार देकर सम्मानित किया।





भिवानी। आयोजित क्वीज प्रतियोगिता बच्चों से सवाल पूछते हुए तथा प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### महापुरुषों व खिलाड़ियों के नामों की बनाई दस टीमें

शारीरिक शिक्षक विनोद पिंकू के गजब के फार्मूले के तहत क्वीज प्रतियोगिता के लिए छठी क्लास से लेकर दसवीं क्लास तक के बगों की दस टीमों का गठन किया। इन दसों टीमों के नाम महापुरुष व अंतर्राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों के नामों पर नाम रखे गए। जिनमें शहीद भगत सिंह,मेजर ध्यान चंद, कल्पना चावला, नीरज चौपड़ा, शहीद कैप्टेन ओपी दलाल, सचिन तेंदूलकर, सर्व पगी राधा कृष्णन, कर्णम मगेश्वरी,कपिल देव व अभिनव बिंद्रा के नाम शामिल थे। इन टीमों के 12 राउंड करवाए गए। जिनमें एक टीम प्रथम, तीन टीमें सेकेंड तथा एक टीम तीसरे स्थान पर रही। इन सभी टीमों को सम्मानित किया गया। इस दौरान खेलों से संबंधित जानकारी के सवाल पूछे गए,जिनका अधिकांश बगों ने बखूबी जवाब दिया।

### लिखावट में मोती से पिरो रहे है स्कूली बच्चों

भले ही आज के टाइम में तख्ती कलम दवात का प्रयोग न होता हो,लेकिन शारीरिक शिक्षक पिंकू ने बगों की लिखावट सुधारने का भी बीड़ा उठाया हुआ है। उक्त शिक्षक क्वीज प्रतियोगिता ही नहीं बल्कि वे लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया। मंगलवार को आयोजित सुलेख प्रतियोगिता में शामिल प्रतिभागियों ने गजब की लिखावट का नमूना पेश किया। प्रतियोगिता 100 प्रतिभागियों ने भाग लिया। शारीरिक शिक्षक ने प्रतिभागियों को लिखने का ऐसा फामूर्ला बताया कि बच्चों ने अपनी नोटबुक पर शब्दों के मोती से पिरो दिए। स्कूल में एक बच्चे की नहीं बल्कि सभी बच्चों की जबरदस्त सुंदर लिखाई लिख रहे है। बच्चों ने इतनी गजब की लिखावट लिखी कि बाद में निर्णायक मंडली में शामिल शिक्षक मुकेश सांगवान व गुड्डी देवी को निर्णय लेने में कड़ी मशक्कत करनी पड़ी।

### अनुशासन उन्नति की पहली सीढ़ीः कमल सिंह

युवा संगठन के प्रधान कमल सिंह ने शारीरिक शिक्षक व स्कूल के अन्य शिक्षकों के सहयोग से विषय के सवालों को लेकर करवाई जा रही क्वीज प्रतियोगिता की सराहना की। उन्होंने कहा कि ऐसे कम ही सरकारी स्कूल मिलते है,जिनमें इस तरह की प्रतियोगिताएं आयोजित होती है। साथ ही उन्होंने कहा कि उक्त स्कूल के बच्चे अनुशासन में रहकर पढाई कर रहे है। अनुशासन में रहकर पढाई करने वाले बच्चों को जीवन में कभी भी असफलता का मुख नहीं देखना पड़ता। उन्होंने बच्चों से गुरुजनों के साथ.साथ अपने माता व पिता का आदर सम्मान करने का आहवान किया। उन्होंने कहा कि माता पिता बगो का सगा हित चाहने वाले होते है। बाद में स्कूल के मुख्याध्यापक कृष्ण कुमार ने कार्यक्रम में पहुंचे सभी का आभार जताया और बताया कि वे हर माह इस तरह का हर विषय के छोटे सवालों की प्रतियोगिता करवा रहे है। कार्यक्रम में मुकेश सांगवान, लक्ष्मी देवी, गुड्डी देवी, अनिल शर्मा, नवीन डांढा, बिजेंद्र आदि मौजूद थे।



चरखी दादरी। परीक्षा परिणाम पर जश्न मनाते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

## बीएम स्कूल के विद्यार्थियों का रहा शानदार परीक्षा परिणाम

**चरखी दादरी।** गांव लोहरवाडा स्थित बीएम सीनियर सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों ने मदर्स डे के दौरान दसवीं कक्षा की परीक्षा में सफलता को अपनी माताओं व गुरूजनों को समर्पित किया। उन्होंने बताया कि उनके सहयोग व समर्पण के बिना ये मुकाम पाना अत्यंत ही कठिन था। बच्चों से शानदार परीक्षा परिणाम को पाकर मदर्स डे पर माताओं की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। निदेशक व प्राचार्य ने बताया कि दसवीं कक्षा के सभी 50 बच्चों ने परीक्षा को काफी अच्छे अंकों से उत्तीर्ण कर लिया है। प्रथम 98.4 प्रतिशत के साथ टीना रही, द्वितीय दामिनी 96.1 प्रतिशत व गौरव 96 प्रतिशत रहे, तृतीय हिनू व प्रीति 95 प्रतिशत के साथ तीसरे तथा गायत्री 94 प्रतिशत के साथ चौथे स्थान पर रही। 13 बच्चों ने 90 फीसदी से अधिक व 27 ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक पाए हैं।

### डीएसएम स्कूल के बच्चों का परीक्षा परिणाम रहा शानदार

**चरखी दादरी।** कस्बा झोझू कलां स्थित डीएसएम पब्लिक स्कूल असावरी के 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों का परीक्षा परिणाम बहुत शानदार रहा। गौरतलब है कि हर वर्ष की भांति विद्यालय परिवार के छात्र-छात्राओं का परिणाम 100 प्रतिशत रहा। विद्यालय की 12वीं कक्षा के कुल 56 विद्यार्थी परीक्षा में प्रविष्ट हुए। जिसमें 15 विद्यार्थियों ने मेरिट प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। इसमें कला संकाय में सलोनी ने, भूगोल में 100 में से 100 अंक प्राप्त कर कीर्तिमान रचा तथा साक्षी ने राजनीति विज्ञान में 100 में से 99 अंक एवं हिंदी में 100 में से 96 अंक प्राप्त किए। 12वीं कक्षा में उच्चतम प्राप्त अंक 95 प्रतिशत रहे।

## कक्षा 10 और 12वीं के परीक्षा परिणाम में श्रीराम पब्लिक स्कूल, कान्हडा का शतकीय प्रदर्शन

■ बारहवीं की अंजली कुमारी ने 91.4 प्रतिशत अंक प्राप्त किए

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

कान्हडा स्थित श्रीराम पब्लिक स्कूल ने एक और शानदार सफलता हासिल की है। स्कूल प्राचार्य अमित जाखड़ बताया कि हमें यह साझा करते हुए गर्व हो रहा है कि हमारे स्कूल ने सीबीएसई कक्षा 10 और 12 में 100 प्रतिशत परिणाम हासिल किया है।

बारहवीं की छात्रा अंजली कुमारी ने 91.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर कक्षा में प्रथम स्थान हासिल किया। छात्रा पारुल 89.8 प्रतिशत अंक लेकर द्वितीय स्थान पर रही। छात्रा मनु कुमारी ने 89.6 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। दसवीं कक्षा में छात्रा चंचल 93.8 प्रतिशत के साथ प्रथम रही। वहीं क्त्रिश 90.6 प्रतिशत के साथ दूसरे स्थान पर व रितु 88.8 प्रतिशत के साथ तीसरे स्थान पर रही। इस उत्कृष्ट सफलता के पीछे हमारे छात्रों की मेहनत, उनके उत्कृष्ट शिक्षकों की प्रयास और अभिभावकों का समर्थन है। यह सफलता हमारे स्कूल के शिक्षा प्रणाली की गुणवत्ता और प्रतिबद्धता का प्रमाण है। स्कूल प्राचार्य अमित जाखड़ ने बच्चों को बताया कि परीक्षा बच्चों के शैक्षणिक जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा है। सीबीएसई कक्षा 10 और 12 के परिणामों में 100 प्रतिशत प्राप्त करना एक बड़ी उपलब्धि है और हमारे स्कूल की पूरी टीम इस सफलता पर गर्वित है। इस अवसर पर प्राचार्य अमित जाखड़ ने सभी बच्चों, अध्यापकों और अभिभावकों को बधाई दी है।

## आरओ प्लांट हुए शांत, पीने के पानी को लेकर हाहाकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

प्रशासन द्वारा नोटिस दिए जाने के विरोध में मंगलवार को आर ओ प्लाट शांत हो गए। मंगलवार को किसी किसी भी आर ओ प्लांट में पानी स्वच्छ नहीं किया गया और न ही किसी गांव या कॉलोनी में पानी की सप्लाई दी गई। जिसकी वजह से सुबह से लेकर पीने के पानी को लेकर मारामारी मची रही। लोगों ने हलक तर करने के लिए हैंडपम्पों का सहारा लेना पड़ा,लेकिन वहां पर भी पीने के पानी लेने के लिए लोगों की लंबी लाइनें लगी मिली।

दूसरी तरफ जिला प्रशासन के नोटिसों के विरोध में आरओ संचालक हड़ताल पर चले गए। उन्होंने चेतावनी दी कि जब तक उनकी मांगों को पूरा नहीं किया जाता। तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा। वे घरों व बाजारों में पानी की सप्लाई नहीं देंगे। फिलहाल आरओ संचालकों के हड़ताल पर चले जाने के बाद जिला प्रशासन की सांसे फूल गई है। तय कार्यक्रम के हिसाब से आर ओ संचालक नेहरू पार्क में पहुंचने लगे। मंगलवार को किसी भी आरओ संचालक ने प्लांट में पानी स्वच्छ नहीं किया और न ही टैंकरों में पानी डाला। अधिकांश आरओ प्लांटों पर ताले लटके रहे। कारीगरों की भी छुट्टी की गई। जिसके चलते किसी भी आरओ प्लांट में काम नहीं हुआ। हड़ताल के चलते आर ओ संचालकों ने शहर,कस्बों व ग्रामीण इलाकों में भी पीने के पानी की सप्लाई नहीं दी। पूरे दिन लोग पीने के पानी के कम्पर आने का इंतजार करते रहे। आरओ संचालकों ने बताया कि विगत में जिला प्रशासन द्वारा कुछ आर ओ प्लांट संचालकों को जिला प्रशासन ने नोटिस जारी कर दिए। जब वे अधिकारियों से मिले तो उन्होंने भी सकारात्मक जवाब नहीं दिया। शहर में अनेक जगहों पर सर्विस सेंटरों पर गाड़ियों को साफ किया जा रहा है। पानी की बर्बादी की जा रही है,लेकिन वे पानी की बर्बादी भी नहीं कर रहे है।



भिवानी। पार्क में धरने पर बैठे आरओ प्लांट संचालक। फोटो : हरिभूमि



भिवानी। स्कूल प्रबंधक के साथ विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

### सेंट जेवियर्स हाई स्कूल का 10वीं और 12वीं का परीक्षा परिणाम रहा बेहतर

**भिवानी।** रोहतक रोड स्थित सेंट जेवियर्स हाई स्कूल में कक्षा 10वीं व 12वीं के छात्रों ने सीबीएसई द्वारा जारी बोर्ड परीक्षा परिणाम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए शत प्रतिशत परिणाम दिया। कक्षा दसवीं से कनिष्का, प्रतिज्ञा, ऋषज्ञ, संध्या, दीपिका, दिव्यम, भूमिका, प्रिसं, निर्भय, अरमान, श्रेष्ठ व साक्षी ने श्रेष्ठ प्रदर्शन दिखाया। कक्षा 12वीं से मन्नत, पतंजलि, यशिका, भावान, अंगद, मान्या, भावेश, तनु, पंकज, अनु आदि विद्यार्थियों ने विज्ञान, कलां एवं वाणिज्य संकाय में श्रेष्ठ प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। स्कूल प्रबंधक मनीष सिंह, स्कूल निर्देशिका कीर्ति चौहान व स्कूल प्राचार्या कीर्ति आहूजा ने विद्यार्थियों व उनके अभिभावकों को स्कूल में आमंत्रित किया। इसके अतिरिक्त छात्रों को फूल माला पहनाकर व मिठाई भेंट कर छात्रों को विद्यालय में सम्मानित किया। स्कूल प्रबंधक द्वारा छात्रों को शुभकामनाएं देते हुए उन्हें भविष्य में और अधिक मेहनत करने व सफलता के लिए नए आयाम छूने के लिए प्रेरणा व आशीर्वाद दिया। इस मौके पर अभिभावकों ने शिक्षकों, प्राचार्या, स्कूल प्रबंधक व निर्देशिका को सफलता का श्रेय दिया।

## नाथूवास स्कूल का परिणाम शत-प्रतिशत

■ मेहनत के दम पर ही विद्यार्थी हासिल कर सकते है सफलता : प्राचार्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

गांव नाथुवास स्थित राजकीय वमा विद्यालय के विद्यार्थियों ने हरियाणा बोर्ड द्वारा घोषित किए 10वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में शत-प्रतिशत पास प्रतिशत्ता हासिल की, जिनको सोमवार को विद्यालय परिसर में फूल-मालाएं पहनाकर सम्मानित किया। पीटीआई वीरेंद्र घणघस ने बताया कि परीक्षा में उनके विद्यालय से 60 बच्चों ने भाग लिया था, जिसमें 13 ने मेरिट सूची में नाम बनाया, जिसमें भारती, जानवी, खुशी, कुसुम, मनीष, मुस्कान, नैंसी, नेहा, निशा, प्रतीक, सोनिया, तन्नु, अनुज शामिल है। 468 अंक लेकर मनीष प्रथम, 465 अंक लेकर तन्नु द्वितीय व 431 अंक लेकर निशा तृतीय स्थान पर रही। विद्यार्थियों की शानदार उपलब्धि पर पूर्व मुख्याध्यापक आजाद सिंह व सेवानिवृत्त अध्यापक उमेद सिंह 1100-1100 रुपये देकर बच्चों को सम्मानित किया। इस मौके पर महीपाल, राजकुमार, रामचंद्र, जोगेंद्र, सतबीर, मुकेश देवी, सुमन देवी आदि मौजूद रहे।



भिवानी। शिक्षकों के साथ 10वीं कक्षा के मेधावी विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

### एमएल हाई स्कूल का परिणाम उत्कृष्ट

**भिवानी।** एमएल हाई स्कूल का दसवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम सराहनीय एवं शत-प्रतिशत रहा। स्कूल में 17 बच्चों में से 12 बच्चों ने मेरिट में नाम दर्ज करवाया। मानव ने सर्वाधिक 96.6 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। मेरिट सूचि में अपना दर्ज करवाने वालों में तमन्ना, हर्षिता भारद्वाज, दीक्षा, दिव्या यादव, क्रिस गोयल, सृष्टि, यश, डेजी, देव कुमार, आनन्द व अंकित शामिल है। मानव ने साइंस में 99 व संस्कृत में 100, तमन्ना ने हिंदी में 94, गणित में 97, अंग्रेजी में 97, दिक्षा ने शारीरिक शिक्षा में 96 तथा हर्षिता ने सामाजिक विज्ञान में 94 अंक प्राप्त किए। मुख्याध्यापक धनसिंह अग्रवाल ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### गोल्डन बेल्स में जानवी निमली टॉपर

**चरखी दादरी।** गोल्डन बेल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल ने बोर्ड द्वारा जारी किये गए परिणाम में शत प्रतिशत परिणाम देने का काम किया हैं। इसके लिए संस्था के निर्देशक रामबीर ने अध्यापकों, बच्चों व अभिभावकों को परिणाम के लिए बधाई दी और बताया कि इसी तरह से अध्यापक, बच्चों को निरंतर आगे बढाने का कार्य करते रहेंगे। बच्चे इसी तरह अपनी उपलब्धियों को प्राप्त करते रहेंगे। जानवी निमली ने 492 अंकों के साथ प्रथम स्थान, दीपिका खातीवास ने 49 दूसरा, दीपिका निमली ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के 42 बच्चों ने परीक्षा दी थी।

## सैनिक स्कूल का परीक्षा परिणाम रहा शानदार



भिवानी। शिक्षिकाओं के साथ मेधावी विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा दसवीं कक्षा का परिणाम घोषित किया, जिसमें सैनिक हाई स्कूल का परीक्षा परिणाम शानदार रहा। पिछले सभी रिकॉर्ड तोड़ते हुए भूमिका ने 488 अंकों के साथ 97.6 प्रतिशत प्रथम, प्रज्ञा 487 अंकों के साथ द्वितीय और पारूल ने 480 अंकों के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। दसवीं कक्षा में 33 विद्यार्थियों में से 21 विद्यार्थियों ने मैरिट सूची में अपना स्थान बनाया। 90 प्रतिशत से ऊपर 16 छात्रों ने मैरिट सूची में नाम दर्ज करवाया। उन्होंने बताया कि 21 विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से ऊपर अंक हासिल किए। स्कूल प्रबंधक कर्ण मिर्ग ने विद्यार्थियों को फूलमाला पहनाकर मिठाई खिलाकर अपनी खुशी जाहिर की। उन्होंने परीक्षा परिणाम का पूरा श्रेय स्कूल की प्राचार्या स्नेहलता और सभी शिक्षकों, विद्यार्थियों व अभिभावकों को दिया। प्राचार्या ने स्कूल में पढ़ा रहे शिक्षकों, छात्रों और अभिभावकों को बधाई दी। स्कल प्रबंधक समिति ने सभी मैरिट प्राप्त छात्रों को छात्रवृत्ति देने का ऐलान किया।

## यशदीप ने 98.4 प्रतिशत सर्वाधिक अंक प्राप्त कर किया विद्यालय का नाम रोशन

■ 40 बच्चों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

लिटिल हार्टस पब्लिक स्कूल देवसर का सैंट्रल बोर्ड ऑफ सैकेंडरी कक्षा का परीक्षा परिणाम आज घोषित हुआ, जिसे देखकर पूरे स्टाफ में खुशी की लहर दौड़ गई। विद्यालय के चेयरमैन त्रिलोकचन्द गोयल ने बताया कि परीक्षा परिणाम अत्यंत उत्कृष्ट रहा।

विद्यालय के एमडी पवन गोयल व भावना गोयल ने अध्यापक-अध्यापिकाओं के अथक प्रयासों की सराहना करते हुए उन्हें बधाई दी और बताया कि आज विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। उन्होंने बताया कि कुल 214 बच्चों ने परीक्षा दी, जिनमें से क्रमशः यशदीप ने 98.2 प्रतिशत ने प्रथम, महिमा बजाज ने 97.8 प्रतिशत द्वितीय, महक गर्ग ने 97.2 प्रतिशत तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं मेघा शेखावत व अंतिमा ने 96.6 प्रतिशत, नैन्सी ने 96.2 प्रतिशत, हर्ष गर्ग ने 95 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पूरे विद्यालय व परिवार का नाम रोशन किया। कुल 40 बच्चों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। 145 बच्चों ने मैरिट प्राप्त की एवं 194 बच्चे प्रथम श्रेणी में उतीर्ण रहे। महिमा बजाज, यशदीप ने गणित विषय में व अंतिमा ने सूचना प्राद्यौगिकी विषय में 100 में से 100 सर्वोच्च अंक प्राप्त किए। उपलब्धि पर महासचिव संजय गोयल, प्रबंधक सतीश गोयल, रविन्द्र गोयल, सीमा गोयल, निदेशक राम सिंघल, राहुल गोयल, प्राचार्य दीपक जोशी व उपप्राचार्य मनमोहन चावला व प्रवेश ने सभी बच्चों, अध्यापकों व अभिभावकों को बधाई दी।



भिवानी। स्कूल प्रबंधन के साथ बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थी।

## अलखपुरा की छोरिया फुटबॉल में छाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ बवानीखेड़ा

अलखपुरा की छोरियों ने देश नहीं विदेशों में भी अपनी विजय पताका लहराकर इतिहास रचे हैं। वहीं 1 मई से 15 मई तक आयोजित 28वीं सीनियर वुमन नेशनल फुटबॉल चैंपियनशिप राजमाता जीजाबाई ट्राफी में अलखपुरा की छोरियों ने फिर परचम लहराया है। कोच सोनिका बिजारनिया ने बताया कि कोलकाता शहर में आयोजित इस चैंपियनशिप में अलखपरा की 11 खिलड़ियों मे समीक्षा जाखड़, शारदा जाखड़ी, पूजा जाखड़, कल्पना जाखड़, रिंकू लांबा, अन्ने बाई, शैलजा, रजनीबाला, वर्षा रानी कालकी, वंशिका, प्रमिला निंबरिया ने वेस्ट बंगाल को पैनल्टी शुट आउट में 4.3 के अंतर से हराया और 15 मई को फाइनल मुकाबला मणिपुर के साथ होगा। वहीं जिला खेल अधिकारी धुरेन्द्र हुडा, हरियाणा फुटबॉल एसोसिएशन के प्रधान सूरजपाल अम्मू, सचिव शैफाली नागल, सुरेश जाखड़, सोमदत मिठारवाल, पीटीआई गोवर्धन, गजानंद कौशिक, मुनीष लांबा, सरपंच राजदीप समौता, संजय आदि ने भी खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाया।



बवानीखेड़ा। वेस्ट बंगाल को पैनल्टी शुट आउट में 4.3 के अंतर से पराजित करने पर खिलाड़ी। फोटो : हरिभूमि

## खबर संक्षेप

### महिला के घर से नकदी व जेवरात चोरी, केस दर्ज

**लोहारू।** शहर के वार्ड नंबर 8 में एक महिला के घर से रात को अलमारी का ताला तोडकर अज्ञात युवक नकदी और जेवरात चोरी कर ले गए। पुलिस ने चोरी का केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में वार्ड नंबर 8 निवासी महिला सुमित्रा ने बताया कि वह अपने पति की मौत के बाद से घर पर अकेली ही रहती है।

### लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पुलिस अलर्ट

**चरखी दादरी।** लोकसभा चुनाव को लेकर दादरी पुलिस अलर्ट हो गई है। शहर में सुरक्षा के मद्देनजर क्षेत्राधिकारी एसपी पूजा वशिष्ठ के दिशा निर्देशानुसार पुलिस टीम ने शहर में रेलवे स्टेशन व बस स्टेशन में चेकिंग की। पुलिस बल के साथ डॉग स्क्वायड की टीम भी मौके पर जांच-पड़ताल में लगी हुई थी।

### त्रिवेणी रोपकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया

**भिवानी।** पेड़ जीवनदायक होते है, क्योंकि लागों को मिलने वाली ऑक्सीन पेड़ों से ही मिलती है तथा मनुष्य द्वारा छोड़े जाने वाली कार्बन-डाई-ऑक्साईडको पेड़ अपना आहार बनाते है। परन्तु जितनी तेजी से पेड़ों का कटान हो रहा है, वह स्थिति बहुत भयावक है। यह बात त्रिवेणी बाबा ने स्थानीय महम रोड़ पर त्रिवेणी लगाने के उपरांत कही। उन्होंने कहा कि यदि समय रहते हम नहीं चेते तो अगले 70 वर्षों में पृथ्वी पर पेड़-पौधें पूरी तरह से खत्म हो जाएंगे तथा पृथ्वी जीने लायक नहीं बचेंगे।

### कांहड़ा में गाड़ी सवार लोगों पर पथराव किया

**बाढ़ड़ा।** गांव कांहड़ा में गाड़ी सवार लोगों पर पथराव करने व लाठी डंडों से हमला करने का मामला सामने आया है। पुलिस को दी शिकायत में गांव घसोला निवासी मोहित ने बताया कि डोहका हरिया में उसके मामा है और उसके मामा की शादी गांव कांहड़ा में है। उसके मामा व मामी का विवाद चल रहा है। वह और डोहका हरिया निवासी कई लोग विवाद को निपटाने के लिए दो गाड़ियों में सवार होकर गांव कांहड़ा गए थे। जब शाम को वे वापिस लौट रहे थे तो गांव के समीप कुछ लोगों ने उनकी गाड़ियों पर पथराव किया और हमला बोल दिया।

### आंखों की जांच व कैंसर स्क्रीनिंग कैंप आज

**भिवानी।** भिवानी परिवार मैत्री संघ द्वारा स्वर्गीय लाला रामचंद्र जैन की स्मृति में आंखों की जांच एवं मोतियाबिंद का लैंसवाला निःशुल्क ऑपरेशन एवं कैंसर स्क्रीनिंग कैंप 15 मई बुधवार को सुबह नौ से एक बजे तक दादरी गेट स्थित श्रीकृष्ण प्रमाणी मंदिर में आयोजित किया जाएगा। संघ के अध्यक्ष राजेश चेतन ने बताया कि कैंप में गुरूग्राम के इंदिरा गांधी आई हॉस्पिटल एंड रिसर्च सैंटर व कैंसर स्क्रीनिंग को राजीव गांधी कैंसर इंस्ट्टियूट एंड रिसर्च सैंटर का सहयोग रहेगा।

### प्रतियोगिता के लिए टीम का चयन 18 व 19 को

**तोशाम।** जिला क्रिकेट एसो. के प्रवक्ता के अनुसार हरियाणा क्रिकेट एसोसिएशन, भिवानी द्वारा आयोजित की जाने वाली अण्डर-16, 19 व 23 तथा सीनियर वर्ग अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता वर्ष 2024-25 के लिए चरखी दादरी जिला की टीम का चयन ऐपीजे स्कूल चरखी दादरी में किया जायेगा। यह चयन अंडर-19 व 19 वर्ग के लड़कों के लिए 18 मई को सुबह 7:30 बजे व अंडर-23 व सीनियर वर्ग के लड़कों की टीम का चयन 19 मई को सुबह 7:30 बजे एपीजे स्कूल में किया जाएगा।

### पारदर्शी चुनाव करवाना प्रशासन की जिम्मेदारी

**भिवानी।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी ने कहा कि लोकतांत्रिक देश में चुनावी प्रक्रिया सबसे महत्वपूर्ण है। हम सबको टीम भावना के साथ काम करते हुए निष्पक्ष व पारदर्शी तरीके से चुनाव संपन्न करवाना है। इसके लिए सभी अपनी जिम्मेदारी समझे।

---

### दादरी में 100 से अधिक उम्र के 217 मतदाता

# 480 बुजुर्गों व दिव्यांग वोटरों ने घर से मतदान की जताई इच्छा : डीसी

हीट वेव को ध्यान में रखते हुए भी पानी, मेडिकल कीट व छांव आदि की व्यवस्था की


मनदीप कौर।

- दादरी विस में कुल 243 मतदान केन्द्र हैं। 5 स्थानों के 9 मतदान केन्द्रों को क्रिटीकल घोषित किए

हरिभूमि न्यूज ▸▸ चरखी दादरी

जिले में विभिन्न भवनों के 281 स्थानों पर कुल 482 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। जिनमें से 11 स्थानों पर 19 मतदान केंद्रों को क्रिटीकल घोषित किया गया है। निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार सभी मतदान केंद्रों पर न्यूनतम सुविधाएं सुनिश्चित की गई है और साथ ही हीट वेव को ध्यान में रखते हुए भी पानी, मेडिकल कीट व छांव आदि की व्यवस्था की गई है। ये जानकारी जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त मनदीप कौर ने पत्रकारवार्ता के दौरान दी।

उन्होंने बताया कि इस बार के चुनाव के लिए निर्वाचन आयोग की ओर से सभी मतदान केंद्रों पर विशेष प्रबंध करने के निर्देश जारी किए है, जिनमें रैंप, बैठने का स्थान, शैड, शोचालय और पेयजल आदि शामिल हैं। चुनाव के दिन हीट वेव की चेतावनी को ध्यान में रखते हुए ऐसे प्रबंध किए हैं। सभी मतदान केन्द्रों पर पेयजल की व्यवस्था होगी। ज्यादातर मतदान केंद्रों पर शैड हैं, अगर कहीं जरूरत होगी तो टैंट लगाकर छांव की व्यवस्था की जाएगी।बुर्जुग एवं दिव्यांग मतदाताओं के लिए केन्द्रों पर विशेष व्यवस्था की जाएगी।

#### 482 मतदान केंद्र

उन्होंने बताया कि बाढ़ड़ा व दादरी विस क्षेत्रों में कुल 482 मतदान केन्द्र बनाए हैं, जो 281 स्थानों पर हैं। इनमें से 11 स्थानों पर बनाए 19 मतदान केन्द्रों को क्रिटीकल घोषित किया है। उन्होंने बताया कि दादरी विस में कुल 243 मतदान केन्द्र हैं जो 134 स्थानों पर स्थित हैं। इनमें से 5 स्थानों के 9 मतदान केन्द्रों को क्रिटीकल घोषित किया है। बाढ़ड़ा विस में 147 स्थानों पर कुल 239 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। इनमें से 10 मतदान केंद्र क्रिटीकल घोषित किए गए हैं जो 6 स्थानों पर हैं।

#### जिले में करीब 4 लाख 5 हजार मतदाता

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि जिले में मतदाताओं की कुल संख्या चार लाख 5 हजार 85 हो गई है। इनमें 2 लाख 13 हजार 806 पुरुष और 1 लाख 91 हजार 278 महिला तथा एक किन्नर मतदाता है। दादरी विस क्षेत्र में 2 लाख 7 हजार 812 मतदाता और बाढडा विस क्षेत्र में 1 लाख 97 हजार 273 मतदाता है। दादरी विस में महिला मतदाताओं की संख्या 98 हजार 116 और पुरुष मतदाताओं की संख्या 1 लाख 9 हजार 696 है। बाढ़ड़ा विधानसभा क्षेत्र में 93 हजार 162 महिला और 1 लाख 4 हजार 110 पुरुष व एक किन्नर मतदाता है।

#### 100 साल से उपर के 217 मतदाता

जिले में आयु अनुसार मतदाताओं का विभाजन किया जाए तो 217 मतदाता ऐसे हैं जिनकी आयु 100 वर्ष से अधिक है और 5 हजार 611 मतदाता ऐसे हैं जिनकी आयु 85 वर्ष से 100 वर्ष के बीच है। जिले में 18-19 वर्ष के युवा मतदाताओं की संख्या 9 हजार 466 है तथा 2 हजार 457 दिव्यांग और 853 सर्विस मतदाता भी है। दादरी विस क्षेत्र में 100 वर्ष से अधिक आयु के 90 मतदाता, 85 से 100 वर्ष आयु के 2 हजार 731 मतदाता, 18-19 वर्ष आयु के 4 हजार 783 मतदाता है।

#### 1541 लाइसेंस वालों ने जमा करवाए हथियार

जिलाधीश ने बताया कि जिले में कुल 1587 लोगों के पास आर्म लाइसेंस हैं, जिनमें से अभी तक 1541 ने हथियार जमा करवाए हैं। निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार 35 लोगों को विशेष परिस्थितियों के कारण छूट दी गई है। एक लाइसेंस कैंसिल की श्रेणी में जमा हुआ है और अभी केवल 10 लाइसेंस वालों के हथियार जमा होने बचे हैं। उन्हें अंतिम नोटिस दिया है। इसके बाद लाइसेंस कैंसिल कार्यवाही शुरू कर दी जाएगी।

दादरी विधानसभा में एक स्थान पर पांच मतदान केंद्र, 7 स्थानों पर चार-चार मतदान केंद्र, 20 स्थानों पर तीन-तीन मतदान केंद्र, 44 स्थानों पर दो-दो मतदान केंद्र और 62 स्थानों पर एक-एक केंद्र है। दादरी विधानसभा क्षेत्र में सर्विस वोटर की संख्या 4 हजार 3 और दिव्यांग मतदाताओं की संख्या 1 हजार 217 है। इसी प्रकार बाढ़ड़ा विधानसभा क्षेत्र में 100 वर्ष से अधिक आयु के 127 और 85 से 100 वर्ष की आयु के 2 हजार 880 मतदाता व 18-19 वर्ष की आयु के 4 हजार 683 मतदाता है, यहां पर 1 हजार 240 दिव्यांग और 4 हजार 50 सर्विस मतदाता भी है। जिले के 480 बुर्जुग एवं दिव्यांग मतदाताओं ने घर से मतदान करने की इच्छा जाहिर की है।

### चुनाव के दौरान टीम की तरह काम करें पोलिंग पार्टी

**चरखी दादरी।** जिले के बाढ़ड़ा विधानसभा क्षेत्र में पोलिंग पार्टी के लिए नियुक्त किए गए कर्मचारियों तथा अधिकारियों को चुनाव की ट्रेनिंग दी गई। जिला के ट्रेनिंग नोडल अधिकारी एवं जिला परिषद सीईओ प्रदीप कौशिक ने कहा कि 25 मई को मतदान से पहले वाले दिन 24 मई को सभी पोलिंग पार्टियां जेडीकेडीईएस स्कूल में एकत्रित होंगी। जिससे कि उन्हें सामान देकर पुलिस सुरक्षा में बूथ के लिए रवाना किया जा सके। उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान बूथ पर नियुक्त पोलिंग पार्टी एक टीम के रूप में काम करेगी। चुनाव के एक-एक बिंदु को अच्छी तरह से समझ लें, ताकि बाद में कोई परेशानी ना आए। सामान की सूची के साथ ईवीएम मशीन और वीवीपैट के नंबर का बूथ से मिलान अवश्य कर लें।

पोलिंग पार्टी ईवीएम व अन्य सामग्री लेने के पश्चात प्रशासन की ओर से दिए वाहन में बूथ पर जाएंगी। किसी भी हालत में अपने निजी वाहन का प्रयोग न करें। एसडीएम एवं बाढडा विस के एआरओ सुरेश कुमार ने पोलिंग पार्टियों को ईवीएम की कार्यप्रणाली, टेंडर वोट, चैलेंज वोट आदि के बारे में भी बताया। उन्होंने पोलिंग पार्टियों से चुनावी प्रक्रिया से जुडें विभिन्न विषयों पर सवाल के जवाब दिए।

### जेएलएन स्कूल में 12 विद्यार्थियों ने ली मेरिट

**चरखी दादरी।** गांव बिलावल स्थित जेएलएन सीनियर सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों ने हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा आज घोषित कक्षा 10वीं के परीक्षा परिणामों में काफी शानदार प्रदर्शन किया है।

शत प्रतिशत परिणाम के साथ। 12 बच्चों ने मेरिट सूची में अपना नाम दर्ज करवाया है तो शेष प्रथम श्रेणी में से उत्तीर्ण हुए है। सफल रहे बच्चों व उनके अभिभावकों को संचालक संजय शर्मा व स्टाफ द्वारा बधाई देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने बताया कि विद्यालय में प्रियांशी 98 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम, नितिका 95 प्रतिशत अंकों के साथ दूसर व निधि ने 94 प्रतिशत अंको के साथ तीसरा स्थान पाया।

### पीएमश्री केन्द्रीय विद्यालय का परिणाम शत प्रतिशत रहा

**भिवानी।** पीएमश्री केन्द्रीय विद्यालय पालुवास का सीबीएसई में शैक्षणिक सत्र 2023-24 के लिए विज्ञान और वाणिज्य दोनों स्ट्रीम में परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। कक्षा 12वीं विज्ञान संकाय के शुभम माठ ने 96.4 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त करके विद्यालय का नाम रोशन किया है।

वहीं पुलकित 93.8 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय स्थान पर रहे। निशा ने 93.4 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। वाणिज्य संकाय में सागर धमीजा ने 92.8 फीसदी अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया है। दसवीं कक्षा में कुसुम व वंशिका ने 95.2 प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया।

### सीबीएस मेमोरियल स्कूल में साक्षी ने 97.2 प्रतिशत लेकर मारी बाजी



**चरखी दादरी।** गांव मौडी स्थित सीबीएस मेमोरियल सीनियर सैकेण्डरी स्कूल के विद्यार्थियों ने बोर्ड द्वारा घोषित कक्षा दसवीं व बारहवी के परिणामों में शानदार प्रदर्शन किया है। दोनों कक्षाओं में शत प्रतिशत परिणाम रहा। विद्यालय प्रबंधक डॉ. सुरेश कुमार सोलंकी व प्राचार्य प्रदीप ने बताया कि बारहवी कक्षा में सभी 34 बच्चों ने सफलता पाई है। उन्होंने बताया कि साक्षी ने 97.2 प्रतिशत अंक के साथ स्कूल में प्रथम, द्वितीय अनंत गुप्ता ने 96.6 प्रतिशत व तृतीय स्थान पर जयंत डूडी ने 94.4 प्रतिशत अंक के साथ रहे। कक्षा दसवीं के भी सभी 39 बच्चों ने सफलता पाई है। प्रथम स्थान पर ऋतु ने 94.8 प्रतिशत अंक के साथ रही। द्वितीय एकता ने 94.6 प्रतिशत, तृतीय नितिका ने 92.6 प्रतिशत अंक पाए। नितिन ने 91.4 प्रतिशत अंक व इशु ने 90.4 प्रतिशत अंक हासिल कर विद्यालय का नाम रोशन किया।

---

## वाणिज्य संकाय की दीपिका प्रथम

हरिभूमि न्यूज ▸▸ तोशाम


**तोशाम।** मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित करते अतिथि। फोटो : हरिभूमि

दिल्ली सीबीएसई बोर्ड द्वारा जारी किए 10वीं व 12वी कक्षा के परीक्षा परिणाम में संत रोशन लाल विद्या मंदिर ढाणीमाहू के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर परचम लहराया है, जिससे विद्यालय परिवार में खुशी का माहौल है। प्राचार्या ने बताया कि वाणिज्य संकाय की दीपिका ने 96.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया है।

विज्ञान संकाय में कोमल ने 96.2 अंक प्राप्त कर तथा कला संकाय में मुसकान ने 95 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। विद्यालय के विद्यार्थी कृश 78.1, केशव 90.2 व नीतू 94.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय, तरुण यादव 78.8, आरती 86.6 व खुशी 91.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान पर रहे। विद्यालय का 10वीं व 12वीं कक्षा का बोर्ड परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। कक्षा 10वीं में अन्नु यादव ने 93.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान, चिराग तंवर ने 93.2 प्रतिशत अंक हासिल कर द्वितीय व रितेश कुमार श्योराण ने 92.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा ईष 92.6, आकांक्षा 91.4, मोहित दहिया 91.2, पिंकी 90.6 और आकाश ने 90.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपना, अपने माता-पिता, अध्यापकों व विद्यालय का नाम रोशन किया है। पेंटिंग विषय में नीतू, गंगा मौर्या, कोमल व मनीषा ने 100 मे से 100 अंक प्राप्त करके रिकॉर्ड बनाया। कक्षा 10वीं में 44 विद्यार्थियों ने मेरिट की श्रेणी में परीक्षा पास की।

### एसवीएम में 13 छात्रों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक लेकर बढ़ाया मान

**चरखी दादरी।** सीबीएसई द्वारा घोषित परीक्षा परिणाम में एसवीएम स्कूल विद्यार्थियों ने उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की है। निदेशक मुन्नालाल शर्मा ने बताया कि विद्यालय के 12वीं कक्षा के 13 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक और 52 विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। इसी प्रकार 10वीं कक्षा के 6 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक और 26 विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। निदेशक मुन्ना लाल शर्मा ने 10 वीं और 12 वीं के वार्षिक परीक्षा में सत प्रतिशत परिणाम पर विद्यार्थियों शुभकामनाएं दी और उनके उज्वल भविष्य की कामना की।

## 14 छात्राओं ने मेरिट प्राप्त की

- राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बलियाली की छात्राओं ने परचमए गांव में खुशी का माहौल

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बवानीखेड़ा


**बवानीखेड़ा।** बलियाली के राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक की छात्राओं द्वारा 10वीं की परीक्षा में बाजी मारने पर मुंह मीठा कराते हुए। फोटो : हरिभूमि

बारहवीं की तर्ज पर दसवीं के घोषित परीक्षा परिणामों में भी राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक बलियाली की छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए शानदार उपलब्धि हासिल की।

विद्यालय प्राचार्य जयबीर सिवाच ने बताया कि दसवीं के घोषित नतीजों में विद्यालय की 14 छात्राओं ने मेरिट और 36 छात्राओं ने प्रथम श्रेणी हासिल की। इससे पूर्व बारहवीं के परीक्षा परिणामों में 23 मेरिट और 26 ने प्रथम श्रेणी हासिल की। विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत परिणाम रहा। प्राचार्य और स्टाफ ने मेरिट प्राप्त करने वाली दसवीं और बारहवीं की छात्राओं को सम्मानित किया। इस मौके पर राजेंद्र वर्मा, नंद किशोर, रोशनी देवी डब्बास, डॉ. कविता तंवर, निरंजन, रीनू, रवींद्र कुमार, नरेश कुमार,अमरजीत कौर, संजय कुमार, सरिता, राजेश सिंह, ज्यौति गुप्ता, रेणु,अजय बूरा, हर्ष कुमार, गणिता, पुष्पा, रामभतेरी, कृष्ण सहित समस्त स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

---

## एससीआर स्कूल का परीक्षा परिणाम रहा शानदार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ चरखी दादरी


गौरव


हेमंत

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित कक्षा 10वीं व 12वीं के परीक्षा परिणामों में गांव चरखी स्थित एससीआर सीनियर सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया। दोनों की कक्षाओं का परिणाम शत प्रतिशत रहा है। इसके साथ ही दोनों कक्षाओं में बच्चों द्वारा विभिन्न विषयों में भी शानदार प्रदर्शन करते हुए उच्चतम अंक प्राप्त किए। निदेशक विरेंद्र फौगाट व प्राचार्य समरजीत सिंह नंदा ने बताया कि कक्षा दसवीं में पांच होनहारों द्वारा 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए गए है। इसी प्रकार अस्सी प्रतिशत से अधिक अंक 33 बच्चों ने पाए है। इस कक्षा में गौरव 95.60 प्रतिशत, दिव्यांशी 94.80 प्रतिशत, साक्षी 94.40 प्रतिशत, लक्ष्मी 92 प्रतिशत ने उल्लेखनीय प्रदर्शन किया है। कक्षा बारहवीं के होनहार हेमंत द्वारा 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए गए है।

## हलवासिया विद्या विहार में अभिनव वशिष्ठ टॉपर

- बेहतर परीक्षा परिणाम से विद्यालय में खुशी का माहौल

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिवानी



हलवासिया विद्या विहार में कक्षा दसवीं में कुल 218 छात्रों ने परीक्षा दी। जिसमें 43 छात्रों ने 90: से अधिक अंक प्राप्त किए। कक्षा दसवीं में छात्र अभिनव वशिष्ठ ने 98.4 प्रतिशत अंक, छात्रा अक्षिता कौशिक ने 97 प्रतिशत अंक, छात्रा मन्नत शर्मा एवं छात्र निखिल तंवर ने संयुक्त रूप से 96.4 प्रतिशत अंक व छात्र अनंत सांघी और हिमांशु ने 95.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय टॉप किया। विषयवार टॉपर्स इस प्रकार रहे .गणित में पाँच विद्यार्थी.अक्षिता कौशिक ने 100, निखिल तंवर ने 100,रूहान ने 100 अनंत सांघी ने 100 एवं तनिष्क ने भी 100 अंक प्राप्त कर बाजी मारी। अंग्रेज़ी में छात्र अभिनव वशिष्ठ ने 100 अंकए आईटी में छात्र अभिनव वशिष्ठ ने 100 अंकए साइंस में अक्षिता कौशिक व हिमांशु ने 99 अंक, सामाजिक अध्ययन में छात्रा मन्नत शर्मा व अक्षिता कौशिक ने 99 अंक, संस्कृत में छात्रा अवनी ने 98 अंक,तथा हिंदी में छात्रा अक्षिता कौशिक एवं हिमानी शर्मा ने 98 अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस अवसर पर विद्यालय प्रशासक डॉ शमशेर सिंह अहलावत एवं प्राचार्य विमलेश आर्य ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सभी छात्रों के बेहतर परीक्षा परिणामों की प्रशंसा की।परीक्षा परिणाम के लिए उन्होंने अध्यापक व छात्रों की कड़ी मेहनत तथा अभिभावकों के सही मार्गदर्शन को श्रेय देते हुए सभी को स्वर्णिम बधाई देते हुए छात्रों के उज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर उप प्राचार्या सरला शर्मा, विभाग प्रमुख अलेक्जेंडर दास, अमरेंद्र कुमार, आचार्य राजेश मोदी, सूरजभान लांबा, दीपक वशिष्ठ, मनोज शर्मा, कुमारी किरण, मीनाक्षी अग्रवाल, पूनम तंवर, सुमन रानी, सारिका आदि मौजूद रहे।

### आर्य वमा विद्यालय का शत प्रतिशत परिणाम

**चरखी दादरी।** सीबीएसई द्वारा कक्षा 12वीं के घोषित परिणाम में कस्बा झोझू कलां में स्थित आर्य वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के छात्रों ने प्राप्त की शत प्रतिशत सफलता। विद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर परमेंद्र चित्तौड़िया ने विद्यालय के छात्र-छात्राओं के शत- प्रतिशत परीक्षा परिणाम के बारे में बताते हुए कहा कि विद्यालय के छात्र छात्राओं ने 12वीं कक्षा के वार्षिक परीक्षा परिणाम में शानदार सफलता अर्जित की है। उन्होंने कहा कि कक्षा 12वीं में विद्यालय के 58 छात्र छात्राओं ने परीक्षा दी थी। सभी छात्र-छात्राओं ने 100 प्रतिशत परिणाम देकर के क्षेत्र में अपना नाम रोशन किया है। छात्र आदित्य झोझू कलां ने स्कूल में प्रथम , काजल कुब्जा नगर ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

---

### भगवान शिव के 11 अवतार को समर्पित रूद्र तप में प्रतिदिन बढ़ती अग्नि की ज्वाला

# मोक्षगिरी ने शुरू की 51 दिवसीय धुणी तपस्या

- ऋषि-मुनियों के तप की बदौलत भारत को विश्व में देवभूमि के नाम से जाना जाता : डॉ. गिरी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बाढ़ड़ा


**भिवानी।** डोहकी स्थित सिद्धबाबा शंकर गिरी भक्ति आश्रम में मोक्ष गिरी महाराज की तपस्या शुरु करवाते श्रीमहंत डॉ. अशोक गिरी। फोटो : हरिभूमि

साधु-संतों ने हमेशा से देश को सच्चाई एवं धर्म की राह दिखाई है। साधु-संतों के तप एवं संघर्ष के चलते ही भारत को ऋषि-मुनियों का देश कहा जाता है।

साधु-संतों के दिखाए मार्ग पर चलते नचकुंडी रोड डोहकी में स्थित सिद्धबाबा शंकर गिरी भक्ति आश्रम में मोक्ष गिरी महाराज ने विश्व कल्याण के उद्देश्य से 51 दिवसीय धुणा तपस्या शुरू की। तपस्या के शुभारंभ अवसर पर सिद्धपीठ बाबा जहरगिरी आश्रम के पीठाधीश्वर अंतर्राष्ट्रीय श्रीमहंत जूना अखाड़ा डॉ. अशोक गिरी महाराज पहुंचे। आश्रम के प्रवक्ता सुरेश सैनी ने बताया कि मोक्ष गिरी महाराज द्वारा शुरू की गई 51 दिवसीय तपस्या पहले 11 धूणों के बीच होगी, जिसके बाद प्रतिदिन धूणों की संख्या बढ़ती रहेगी। श्रीमहंत डॉ. अशोक गिरी ने कहा कि भगवान शिव के 11 अवतार है, जिनमें कपाली, पिंगल, भीम, विरुपाक्ष, विलोहित, शास्ता, अजपाद, आपिर्बुध्य, शंभू, चंड तथा भव ये सब रुद्र है तथा इन्ही 11 धूणों की तपस्या को रुद्र तप कहा जाता है, जिसमें प्रतिदिन अग्नि की ज्वाला को बढ़ाया जाता है। आज भगवान शिव के स्वरूप ये सभी 11 रुद्र देवताओं की रक्षा के लिए स्वर्ग में विराजमान है ।

#### भारत का नाम गर्व से लिया जाता

उन्होंने कहा कि अनुचर करोड़ों रुद्र कहे गये, जो तीनों लोकों में चारों तरफ स्थित हैं। डॉ. अशोक ने कहा कि साधु-संतों ने हमेशा विश्व कल्याण की सोच रखी तथा उसके लिए कई वर्षो तक तप किए है। देश के ऋषि-मुनियों के तप के चलते पूरे विश्व में भारत का नाम देवभूमि के तौर पर गर्व से लिया जाता है तथा अन्य देशों के लोग सनातन संस्कृति से प्रभावित होकर हिंदु धर्म अपना रहे है।

## सनराइज विद्यालय के विद्यार्थियों ने परीक्षा परिणाम में रचा इतिहास

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बवानीखेड़ा

बवानी खेडा के सनराइज वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों ने सीबीएसई की 10वीं व 12वीं की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करके इतिहास रचने का कार्य किया। परीक्षा परिणाम में उत्कृष्ट प्रदर्शन को लेकर विद्यालय में खुशी का माहौल पैदा हो गया और शिक्षकों ने विद्यार्थियों का मुंह मीठा करवाकर खुशी जाहिर की।

जानकारी देते हुए विद्यालय प्राचार्य ललित कुमार ने बताया कि उनके विद्यालय में दसवीं के कुल 41 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी जिसमें सभी उत्तीर्ण हुए। 90 प्रतिशत से अधिक अंक दीव्यांशु, 80 प्रतिशत से अधिक तीन विद्यार्थियों में दिव्यांशु, सानिया, हिमांशु, 75 प्रतिशत से उपर 15, 70 प्रतिशत से अधिक 10 व 60 प्रतिशत से अधिक 13 बच्चों ने अंक हासिल करके विद्यालय का नाम सुनहरी अक्षरों में रचने का कार्य किया वहीं 12वीं की सीबीएसई परीक्षा में विद्यालय के 48 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी व सभी उतीर्ण रहे। अन्नय सहारण ने 95 प्रतिशत हासिल करके विद्यालय का नाम रोशन किया तो वहीं 90 प्रतिशत से उपर 3, 80 प्रतिशत से उपर 8, 70 प्रतिशत से उपर 15, 60 प्रतिशत से उपर 20 विद्यार्थियों ने अंक प्राप्त करके विद्यालय का नाम सुनेहरी अक्षरों में लाने का कार्य किया। विद्यालय प्राचार्य ललित कुमार ने बताया कि हर वर्ष उनके विद्यालय का परीक्षा परिणाम अव्वल आता है। सभी शिक्षकों ने विद्यार्थियों को बधाई दी।

# दिल्ली वर्ल्ड स्कूल का परिणाम शत प्रतिशत,अदम्य प्रताप सिंह अव्वल

## 97.2 फीसदी अंक प्राप्त कर स्वाति दूसरे और 96.6 प्रतिशत के साथ शुभम कुमार तृतीय रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल भिवानी का कक्षा दसवीं का सीबीएसई बोर्ड का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। सत्र 2023 . 24 के अंतर्गत विद्यालय के कुल 77 विद्यार्थियों ने दसवीं कक्षा की परीक्षा दी। दसवीं में अदम्य प्रताप सिंह ने कुल 99 प्रतिशत अंक प्राप्त कर न केवल विद्यालय में अपितु पूरे भिवानी शहर में टॉप किया है और विद्यालय को गौरवान्वित किया।

इस अवसर पर स्कूल प्रबंधकारिणी समिति शांति देवी मेमोरियल ट्रस्ट के द्वारा विद्यार्थी अदम्य प्रताप सिंह को सहर्ष 51000 का पुरस्कार प्रदान करने की घोषणा की। 97.2 अंक प्राप्त कर स्वाति दूसरी टॉपर रहीं एवं 96.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर शुभम कुमार जैन तीसरे टॉपर रहे। कक्षा दसवीं में 95 प्रतिशत और उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले कुल 8 विद्यार्थी रहे । 28 विद्यार्थियों ने इस परीक्षा में 90 से अधिक अंक प्राप्त किए जबकि 56 विद्यार्थी डिस्टिंक्शन में रहे। 76 विद्यार्थियों ने फर्स्ट डिवीजन प्राप्त की। अदम्य प्रताप सिंह ने सामाजिक विज्ञान और संस्कृत विषयों में 100-100 अंक, गणित और विज्ञान 99-99 अंक प्राप्त किए साथ ही अंग्रेजी और हिंदी में 97 और 96 अंक प्राप्त किए । इस स्वर्णिम अवसर पर दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल भिवानी की प्रबंधकारिणी समिति के कोषाध्यक्ष विजयपाल त्रिपाठी भी पधारे हुए थे।

### प्राचार्या ने दी बधाई

प्राचार्या डॉक्टर अनीता शर्मा ने हर्षपूर्वक घोषणा की कि दसवीं की बोर्ड परीक्षा में 96 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त वाले विद्यार्थियों को कक्षा ग्यारहवीं में पूर्ण रूप से फीस व अन्य शुल्क माफी प्रदान की जाएगी । जिन विद्यार्थियों ने 94 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त किए हैं उनकी 75 फीसदी स्कूल की फीस एवं 92 या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के लिए कक्षा 11वीं में प्रवेश लेने पर 50 फीसदी फीस माफी की घोषणा की। इसके अतिरिक्त उन्होंने बताया कि कक्षा ग्यारहवीं में प्रवेश लेने वाले नए विधार्थी भी यदि इन मानकों पर खरे उतरते हैं, तो उन्हें भी विद्यालय के पुराने विद्यार्थियों की भांति ही फीस माफी की सुविधा प्रदान की जाएगी।

इस अवसर पर प्राचार्या अनीता शर्मा ने कहा कक्षा 10वीं का उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम विद्यार्थियों और शिक्षकों के वर्षभर के अथक परिश्रम एवम अभिभावकों के अवर्णनीय सहयोग का परिणाम है । प्राचार्या डॉक्टर अनीता शर्मा ने इस अवसर पर विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अभिभावकों को बधाई दी और छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की।



- 8 विद्यार्थियों ने 95 फीसदी और उससे अधिक अंक प्राप्त किए
- अदम्य ने सामाजिक विज्ञान और संस्कृत में 100-100 अंक लिए

भिवानी। बेहतरीन परीक्षा परिणाम आने पर शिक्षकों के साथ मेधावी छात्र।

# महालक्ष्मी योजना महिलाओं के लिए बनेगी वरदान : दानसिंह

- भाजपा सरकार में बढ़ी मंहगाई के चलते महिलाएं परेशान
- गांव पहुंचने पर ग्रामीणों ने राव दानसिंह का स्वागत किया



**महेंद्रगढ़।** देश की महिलाएं इस समय आसमान छूती महंगाई के कारण बड़े संकट से गुजर रही हैं और ऐंसे समय में कांग्रेस की महालक्ष्मी योजना उनके लिए वरदान साबित होगी। उक्त विचार इंडिया गठबंधन के महेंद्रगढ़ भिवानी लोकसभा प्रत्याशी राव दानसिंह ने बाढ़डा विधानसभा क्षेत्र में ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहीं। उन्होंने मंगलवार को गांव ढाणी फोगाट, नौसवा, चिडिया, दातौली, दूधवा, छिल्लर, ढाड़ी, आदमपुर, बलाली, गुडाना, निहालगढ़, टोडी, कुब्जानगर, बेरला, जेवली, बाढ़डा, भाण्डवा, पंचगावा, गोपी, काकडौली हुक्मी, लाडांवास, द्वारका, श्यामकलां, डाडमा गांव में जनसभा को संबोधित किया। गांव पहुंचने पर ग्रामीणों ने राव दानसिंह का जोरदार स्वागत किया। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता की लड़ाई से लेकर आधुनिक भारत बनाने में महिलाओं का बहुत बड़ा योगदान रहा हैं। आज हमारे देश की महिलाएं भयंकर महंगाई के बीच संकट का सामना कर रही हैं। उनकी मेहनत और तपस्या के साथ न्याय करने के लिए कांग्रेस एक क्रांतिकारी कदम लेकर आई है। केंद्र में कांग्रेस की सरकार बनने पर गरीब परिवारों की महिलाओं को हर साल एक लाख रुपये की आर्थिक सहायता दी जाएगी। उन्होंने कहा कि कर्नाटक और तेलंगाना में पहले ही हमारी गारंटियों ने करोड़ों परिवारों की जिंदगी बदल दी है। चाहे मनरेगा हो, सूचना का अधिकार हो, शिक्षा का अधिकार हो या भोजन सुरक्षा, अपनी योजनाओं से कांग्रेस पार्टी ने लाखों भारतीयों को ताकत दी है। उन्होंने कहा कि पहले यहां एक सुई नहीं बनती थी। अनाज बाहर से लाकर खिलाते थे। भाजपा कहती है कि 70 साल में क्या किया हैं। हमने संविधान बचाया, लोकत्रंत बचाया। इसी संविधान को प्रधानमंत्री समाप्त करना चाहते हैं। कांग्रेस पार्टी संविधान को बचाने के लिए चुनाव लड़ रही है।

# मोदी के नेतृत्व में हुए विकास कार्यों की बदौलत विदेशी ताकतें पड़ीं कमजोर : यादव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़/भिवानी

सिंचाई मंत्री अभय सिंह यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में अभूतपूर्ण विकास हुआ है तथा भारत के सामने अब विदेशी ताकतें भी कमजोर पड़ गई है। भाजपा सरकार ने रेल, सड़क, नए-नए हाईवे, रेलवे ओवरब्रिज व अंडर ब्रिज आदि की कनेक्टिविटी में सुधार किया है, जिसका सीधा लाभ आमजन को हो रहा है। ऐसे में अब जनता को भी यह दायित्व बनता है कि वे आमजन के हित की योजनाएं को क्रियान्वित रखने के लिए एक बार फिर से नरेंद्र मोदी को देश का प्रधानमंत्री बनाएं।

जिसके लिए जरूरी है भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र भाजपा प्रत्याशी धर्मबीर सिंह के पक्ष में मतदान की अपील करते हुए नांगल चौधरी विधानसभा क्षेत्र के गांव अमरपुरा, बुडवाल, रायपुरा, गोठडी, असरावास, ढ़ाकोड़ा, नांगल सोडा, थनवास, नायन, लूजोता, नांगल दर्गू, मुसनोता, पाचनोता, इस्लामपुरा में जनसभाओं को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे भाजपा प्रत्याशी चौ. धर्मबीर सिंह के पक्ष में अधिक से अधिक मतदान कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथ मजबूत करें। इसके उपरांत चौ. धर्मबीर सिंह ने नारनौल विधानसभा क्षेत्र के गांव कावी, मुरारीपुर, दाणी बठोडा,मांदी, नांगल सालू, कारोता, ताजीपुर, जोरासी, सुराणा, नीरपुर, शेखपुरा, नूनी आदि गांवों में जनसभाओं को संबोधित कर उनके पक्ष में मतदान की अपील की। इस दौरान बाढड़ा, दादरी, नांगल चौधरी, नारनौल के 40 गांवों का दौरा किया। अटेली विधानसभा से अटेली ब्लॉक के सभी 51 सरपंचों ने भाजपा प्रत्याशी चौ. धर्मबीर सिंह पर पूर्ण विश्वास जताते हुए भाजपा को अपना समर्थन देने का ऐलान किया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष दयाराम यादव, नारनौल जिला परिषद चेयरपर्सन अनिता सैनी सहित भाजपा के सभी प्रदेश पदाधिकारी, जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, मोचारे् के अध्यक्ष, संयोजक, शक्ति केंद्र प्रमुख,प्रभारी, बूथ प्रमुख,पालक आदि मौजूद रहे।



# दा ऑकवुड स्कूल का परीक्षा परिणाम सराहनीय



- मुस्कान, रिद्धी, सोनाक्षी, पार्थ राघव और नेहा ने मेरिट सूची में स्थान बनाया
- विद्यालय पहुंचने पर बच्चों को खिलाई मिठाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

दा ऑकवुड स्कूल के विद्यार्थियों ने दसवीं कक्षा के हरियाणा बोर्ड द्वारा घोषित परीक्षा मे उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। बोर्ड की दसवीं की परीक्षा में 5 विद्यार्थियों क्रमश : मुस्कान, रिद्धी, सोनाक्षी, पार्थ राघव और नेहा ने मेरिट लिस्ट में स्थान प्राप्त करने में सफलता हासिल की है तथा शेष सभी विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में पास हुए है। यह विद्यालय का प्रथम बैच था जिसने बोर्ड परीक्षा में 100: सफलता हासिल की है। विद्यालय पहुंचने पर सभी विद्यार्थियों का विद्यालय प्रशासन द्वारा फूलमालाएं पहनाकर तथा मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया। सभी बच्चों के चेहरे की खुशी देखते ही बनती थी। विद्यार्थियों ने भविष्य की योजनाएं भी स्टाफ सदस्यों व जूनियर विद्यार्थियों से सांझा की। इस अवसर पर निदेशक दिनेश सिंह, विक्रम राणा, मानवेन्द्र सिंह, सम्पूर्ण स्टाफ व सभी विद्यार्थी उपस्थित रहे। विद्यालय प्रबंधन ने इस उपलब्धि पर सभी विद्यार्थियों एवं अध्यापकों को हार्दिक बधाई दी।

शिक्षा संस्कार चरित्र निर्माण
कोचिंग के क्षेत्र का बड़ा नाम.....
आर्यन कोचिंग सैन्टर
'विश्वास का दूसरा नाम'
नये बैच शुरू | 12th के बाद नौकरी-कॉमन बैच
CUET | S.S.C.
अग्निवीर | C.E.T.
रेलवे | N.D.A.
अनुभवी अध्यापक | नोटस पैकेज | शानदार रिजल्ट
पता : पारस वाली गली (च. दादरी) नजदीक बस स्टैण्ड
9416330206, 9050035973

